जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2022/ 419 दिनांक : 28/03/22

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक,
समस्त सम्बद्ध अध्ययनशालाऐं
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

आवश्यक सूचना

विषयः- स्नातकोत्तर-एम.ए., एम.कॉम., एम.एस.सी, पी.जी.डिप्लोमा इन योगा, एल.एल.बी., बी.ए.एल.एल.बी., बी.कॉम.एल.एल.बी., एल.एल.एम., एम. लिब, बी.लिब, एम.एच.एस.सी., समस्त एम.बी.ए., एम.सी.ए., एम.जे.एम.सी., प्रथम एव तृतीय सेमेस्टर दिसंबर, 2021 (C.B.C.S.) (संस्थागत/अस्थांगत/नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी.) परीक्षा के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा, सेमीनार, असानमेंट, मौखिक परीक्षा (COMPERHENSIVE VIVA-VOCE) के अंक ऑनलाइन अपडेट किये जाने वावत्।

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक 58/08/2022/38, दिनांक 25.01.2022 ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु समस्त संस्थागत/अस्थांगत/नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षा के परीक्षार्थियों की आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा, सेमीनार, असानमेंट, मौखिक परीक्षा (COMPERHENSIVE VIVA-VOCE) संपदित कराकर उनके अंक दिनांक 06.04.2022 तक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल आवश्यक रूप से अपडेट करें।

विशेष नोटः- **आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (ABSENT) ही अंकित करें। प्रदर्शित शीट में रिक्त अथवा डेस/अन्य कुछ अंकित नहीं करें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं करने अथवा आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा एवं थ्योरी परीक्षा के अंक हेतु निर्धारित पोर्टल पर अंक अपडेट नहीं होने की दशा में छात्र को उक्त विषय में अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष अध्ययनशाला के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक अंक मान्य नहीं किये जावेगे। अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नहीं करने पर माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार अर्थदंड की शस्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जावेगी।**

अंक ऑलाईन भरने के पश्चात भरे हुये अंकों को बेवसाईट से प्रिंट कर विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक से प्रमाणित कराकर दो दिवस के भीतर विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा कराये।

28/3/22

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त, संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)